सलग्नक - 2

कार्यालय पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड
दैनिक पत्र सं. 620
पत्रावली सं.
दिनांक 24-9-18
पुरोला (उत्तरकाशी)

## :: आदेश ::

अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई सिंचाई खण्ड पुरोला ने अपने पत्र संख्या 654/पी0एम0जी0एस0वाई/सि0ख0 दिनांक 16.09.2018 के द्वारा अवगत कराया गया है, कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत मैन्द्रथ-भंकवाड़ मोटर मार्ग के किमी0 2.50 से बेगल तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 4.950 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्य हेतु सैद्वान्तिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके बदले वन विभाग टौन्स वन प्रभाग पुरोला को दुगुनी भूमि क्षेत्रफल 9.90 हे0 भूमि हस्तान्तरित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी, पुरोला द्वारा अपने पत्र संख्या आ0ले0-क्षति-वृक्षा/पत्रा0/2018 दिनांक 06 अप्रैल, 2018 के द्वारा अवगत कराया गया है, कि तहसीलदार मोरी से जांच आख्या प्राप्त की गयी। तहसीलदार मोरी की जांच आख्यानुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम बेगल के खसरा सं0 622 म0 रक्वा 4.142 हे0, 681 म0 रक्वा 5.758 हे0 कुल रक्वा 9.90 हे0 जो उत्तराखण्ड सरकार के वर्ग-9 (3)ङ. की भूमि है; को प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित भूमि का नक्शा, खसा एवं नकल खतौनी सलग्न है। प्रस्तावित भूमि सार्वजनिक उपयोग की नहीं है तथा वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है।

शासनादेश संख्या 1887/XVIII(II) 2015-18 (169)दिनांक 30 जुलाई,2015 एवं शासनादेश संख्या 111/XXVII(7)/50(39)-2015/2014 दिनांक 09 जुलाई, 2015 तथा कार्यालय ज्ञाप सं0 260/वि0अनु0 -03/2002 दिनांक 15 फरवरी, 2002 के प्राविधानों के अनुसार राज्य में राजस्व विभाग के नियंत्रण में उपलब्ध भूमि को (विभिन्न प्रशासकीय विभाग के स्वामित्व/प्रबन्धन की भूमि को छोड़कर) एक सेवा विभाग से दूसरे ,सेवा विभाग को हस्तान्तरित करने का अधिकार जिला अधिकारी को प्रतिनिधानित किया गया है।

अत: तहसीलदार, मोरी /उप जिलाधिकारी, पुरोला से प्राप्त आख्यानुसार ग्राम बेगल तहसील मोरी में उत्तराखण्ड सरकार के स्वामित्व की वर्ग-9 (3) ङ. में दर्ज भूमि खसरा सं0 622 म. रक्वा 4.142 हे0, खसरा संख्या 681 म. रक्वा 5.758 हे0 कुल रक्वा 9.90 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों में प्रभागीय वनाधिकारी,टौन्स वन प्रभाग पुरोला को हस्तान्तरित/नामान्तरित किये जाने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

ह0/-
(डॉ0 आशीष चौहान)
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

D/man

## कार्यालय जिलाधिकारी, उत्तरकाशी।

संख्या 9296 /ग्यारह- (2017-18) दिनांक 15 सितम्बर, 2018

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

E.E. 24-9-18

1- उप जिलाधिकारी, पुरोला ।
2- तहसीलदार, मोरी ।
3- प्रभागीय वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला ।
4- अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड पुरोला ।

15/9/18

प्रभारी अधिकारी,